5वाँ हेलिकॉप्टर एवं लघु विमान शिखर सम्मेलन खजुराहो में आयोजित किया जाएगा

चर्चा में क्यों?

23 जुलाई, 2023 को पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 5वाँ हेलिकॉप्टर और लघु विमान शिखर सम्मेलन 25 जुलाई को मध्य प्रदेश के खजुराहो में नागरिक उड्डयन मंत्रालय, मध्य प्रदेश सरकार, पवन हंस लिमिटेड और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- कार्यक्रम का विषय 'अंतिम मील तक पहुँचना: हेलिकॉप्टर और छोटे विमानों के माध्यम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी' है।
- इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रारूप में एक उद्घाटन सत्र और उसके बाद एक तकनीकी सत्र शामिल हैं।
- शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों में उड़ान योजना के विस्तार को बढ़ाना है।
- शिखर सम्मेलन के व्यापक उद्देश्य हैं:
- सभी उद्योग हितधारकों और नीति निर्माताओं के लिये भारतीय हेलिकॉप्टर और लघु विमान उद्योग के विकास की कहानी पर चर्चा करने के लिये एक साझा मंच प्रदान किया जाए।
- सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों में उड़ान योजना का विस्तार बढ़ाएँ और देश की ग्रामीण से शहरी कनेक्टिविटी का प्रसार करें।
- वर्तमान व संभावित पर्यटन हॉटस्पॉट वाले स्थलों पर हेलिकॉप्टर और लघु विमान की कनेक्टिविटी को निर्बाध सेवाएँ प्रदान करके बढ़ावा देना।
- हेलिकॉप्टर और लघु विमान भारत के परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नागरिक हेलिकॉप्टर विशेषत: दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर पहुँच में योगदान करते हैं, पर्यटन के लिये जबरदस्त संभावनाएँ प्रदान करते हैं, जिससे यात्रियों को अद्वितीय तरीकों से सुंदर परिदृश्य और सांस्कृतिक स्थलों का अनुभव प्राप्त होता है। हेलिकॉप्टर सेवा की अन्य भूमिकाओं में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएँ और बाढ़ के दौरान आपदा प्रबंधन, बचाव अभियान आदि शामिल हैं।
- इसी तरह लघु विमान, व्यवसाय और अवकाश यात्रियों के लिये कुशल और सुविधाजनक परिवहन का विकल्प प्रदान करते हैं, क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाते हैं और अल्प-ज्ञात गंतव्यों की खोज को बढ़ावा देते हैं। विमानन और पर्यटन उद्योग परस्पर एक-दूसरे से लाभान्वित होते हैं, रोज़गार के अवसरों को बढ़ावा देते हैं और पूरे देश में आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं।
- शिखर सम्मेलन ऐसे महत्त्वपूर्ण समय पर हो रहा है, जब भारतीय नागरिक उड्डयन उद्योग एक आदर्श परिवर्तन के समय से गुजर रहा है। यह क्षेत्र अब न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया भर में मानव जाति के लिये समय की मांग बन गया है, क्योंकि यह हमेशा अपने साथ दो महत्त्वपूर्ण गुणक लाता है- आर्थिक गुणक और रोज़गार गुणक।
- 5वाँ हेलि शिखर सम्मेलन उद्योग हितधारकों को नीति निर्माताओं के साथ जुड़ने और सहयोग करने के लिये एक साथ लाएगा, जिससे सक्षम और विवेकपूर्ण निर्णयों को लागू किया जाए, जो भारत के नागरिक उड्डयन उद्योग को और अधिक विस्तार देगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/5th-helicopter-small-aircraft-summit-to-be-held-at-khajuraho